# संक्षिप्त सार

## पहली बार पूर्वी दिल्ली नगर निगम स्ट्रीट फूड वेंडर को देगा लाइसेंस

**नई दिल्ली।** राजधानी में खाने-पीने के सामान की रेहड़ियों (स्ट्रीट फूड वेंडर) की संख्या काफी अधिक हो चुकी है। हर सड़क के किनारे इन्हें देखा जा सकता है। लेकिन, इनसे निगम को कोई शुल्क नहीं मिलता है, जबकि निगम और पुलिस के नाम पर इनसे उगाही होती है। इसे रोकने के लिए राजधानी में पहली बार पूर्वी दिल्ली नगर निगम इन्हें लाइसेंस देने की नीति लागू करने जा रहा है। महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस नीति को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत इन्हें स्वास्थ्य व्यापार का लाइसेंस दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि केवल जोनल टाउन वेंडिंग कमेटी के द्वारा अनुमोदित स्ट्रीट वेंडर्स को व्यापार हेतु स्थान देने के बाद पूर्वी निगम द्वारा स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस दिया जाएगा। इस संबंध में पूर्वी निगम द्वारा कुछ नियम तय किए गए हैं। इन नियमों के तहत ही स्ट्रीट वेंडर्स को स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस जारी किया जाएगा। महापौर ने बताया कि स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस परिवार के किसी एक सदस्य को ही जारी किया जाएगा। स्ट्रीट फूड वेंडिंग का संचालन किसी भी तरह से पैदल चलने वालों या किसी भी परिवहन चालकों की आवाजाही में बाधा नहीं बनेगा।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर मार्च 2022 तक बॉडी स्कैनर लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर मार्च 2022 तक बॉडी स्कैनर लगाए जाने की कवायद हो रही है। कोविड-19 के चलते इन्हें लगाने में देरी होने के बाद हाल ही में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने दिल्ली हवाईअड्डे समेत अन्य संवेदनशील हवाईअड्डों पर इन्हें लगाने के निर्देश दिए हैं। बॉडी स्कैनर लगने से हवाईअड्डे पर जांच करने और संदिग्धों पर और बारीकी से नजर रखने में मदद मिलेगी। प्रतिबंधित चीजों जैसे चाकू, कारतूस, ड्रग्स आदि को पकड़ना आसान होगा। दरअसल, फिलहाल हवाईअड्डे पर सीआईएसएफमल्टी जोन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर आदि से जांच करती है। बॉडी स्कैनर से अगर किसी ने अपने पेट के अंदर भी कोई वस्तु छिपा रखी है या यात्री ने अगर जूतों में कुछ प्रतिबंधित चीज छिपाई है अथवा विस्फोटक, ड्रग्स आदि हैं, इन्हें पकड़ना और आसान होगा। दिल्ली हवाईअड्डे पर करीब 60 से अधिक बॉडी स्कैनर लगाए जाने हैं। शुरुआत में करीब एक दर्जन स्कैनर लगाए जाएंगे। इन्हें लगने के बाद डीएफएमडी और अन्य माध्यमों से जांच भी जारी रहेगी।

## मधुविहार इलाके में बाइक की चाबी नहीं देने पर चौकीदार के पेट में चाकू घोंपा

**नई दिल्ली।** मधु विहार इलाके में मोटरसाइकिल की चाभी न देने पर एक युवक ने चौकीदार के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे पहले आरोपित ने चौकीदार को जमकर पीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। चौकीदार के स्वजन उन्हें आटो से एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया, हालत गंभीर होने पर उसे जीटीबी रेफर कर दिया। पीड़ित मनदीप के बयान पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार मनदीप परिवार के साथ जोशी कालोनी में रहते हैं। वह कालोनी की पार्किंग में रात के वक्त चौकीदारी करते हैं, मंगलवार रात को वह ड्यूटी पर तैनात थे। रात आठ बजे वह पार्किंग के ठेकेदार राजकुमार व पार्किंग में काम करने वाले कर्मचारी किशन के साथ बातचीत कर रहे थे। तभी वहां पर कालोनी का रहने वाला रोहित गुप्ता नाम का युवक पहुंचा और चौकीदार से पार्किंग में खड़ी अपनी मोटरसाइकिल की चाबी मांगने लगा। पीड़ित ने कहा कि उसके पास चाबी नहीं है।

## दिल्ली रेजिडेंट डाक्टरों की हड़ताल खत्म, मरीजों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पतालो में चल रही डाक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। फेडरेशन आफरेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने अस्पतालों में हड़ताल खत्म करने की घोषणा की है। मेडिकल स्नातकोत्तर में दाखिले की प्रक्रिया में हो रही देरी के विरोध में रेजिडेंट डाक्टर सरकारी अस्पतालों में हड़ताल पर थे। इस वजह से अस्पतालों में 13 दिनों से ओपीडी व चार दिनों से इमरजेंसी सेवा प्रभावित थी। फोर्डा के अध्यक्ष डा. मनीष कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने पीजी-नीट में ईडब्ल्यूएस व ओबीसी आरक्षण लागू करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर जल्द सुनवाई करने की अपील दायर करने का आश्वासन दिया है। इसके फोर्डा ने एक सप्ताह के लिए हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की है। इससे पहले राजधानी के सभी बड़े अस्पतालों में लगातार तीसरे दिन भी रेजिडेंट डाक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई थी। गंभीर मरीजों को भी इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ीं।

# दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में बम धमाका, नायब कोर्ट जखमी

### मौके से बाइक की बैटरी व वायर बरामद



**नयी दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में गुरुवार सुबह बम धमाका हुआ है। मौके पर जांच में पहुंचे स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया की ब्लास्ट टीन के डिब्बे में हुआ। सफेद पाउडर डिब्बे में रखा हुआ था। वह कोर्ट में रूम में बिखर गया। कुछ कील, मोटर साइकिल की बैटरी और वायर भी बिखरे हुए मिले हैं। हालांकि धमाके से मौके पर कोई गड्ढा नहीं हुआ है। सफेद पाउडर क्या है ये मौके पर पहुंची हस्त्र की टीम जांच के बाद बताएगी। स्पेशल सेल के स्पेशल कमिश्नर भी कोर्ट रूम में मौजूद हैं।मिली जानकारी के अनुसार, कोर्ट रूम नंबर 102 में लैपटाप बैग में कम तीव्रता का विस्फोट हुआ। लैपटाप बैग में टिफ़िन बम रखा हुआ था। कोर्ट रूम में सुनवाई चल रही थी तभी अचानक ब्लास्ट हो गया। कम क्षमता वाला बम होने के कारण ब्लास्ट के दौरान कोर्ट रूम में मौजूद जज, वकील और तारीख पर आए लोग बाल बाल बच गए। हालांकि विस्फोट में एक नायाब कोर्ट जख्मी हो गए हैं। उन्हें अंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर इलाज चल रहा है। घटना के समय महानगर दंडाधिकारी प्रीतु राज की अदालत में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। ऐसे में कोर्ट में कई लोग मौजूद थे। यह दूसरा मौका है जब रोहिणी कोर्ट की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। वहीं, दिल्ली पुलिस के पीआरओ की तरफ से जारी बयान में कहा गया है रोहिणी कोर्ट परिसर में एक लैपटाप बैग में कम तीव्रता का विस्फोट हुआ। फोरेंसिक और एनएसजी की टीमें इसका निरीक्षण और जांच कर रही हैं। इससे पहले रोहिणी के डीसीपी ने कहा कि लैपटाप बैग मौके से मिला है लेकिन उसमे लैपटाप था या नही, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है।

# गुड़गांव के एयरिया मॉल में स्मैश गेमिंग और इंटरटेनमेंट सेंटर लॉन्च




**गुडगांव।** भारत के प्रशंसित गेमिंग और मनोरंजन केंद्रों में से एक स्मैश परिवार, दोस्तों और बच्चों के लिए एक इंटरैक्टिव और इनोवेटिव सोशल एक्सपीरियंस के साथ खेल, वर्चुअल रियलिटी, संगीत और डाइनिंग को एक साथ लगभग डेढ़ साल के अंतराल के बाद, गुडगाँव में अब एक ट्रीट के लिए तैयार है। स्मैश में 60 नए गेम्स के साथ एयरिया मॉल में शुरुआत हो चुकी है, इस में आर्केड्स, वर्चुअल रियलिटी, बॉलिंग और क्रिकेट जैसे अनेक लोकप्रिय सिग्नेचर गेम शामिल हैं। स्मैश अपने अनूठे अनुभव का आनंद लेने के लिए वर्चुअल रियलिटी आधारित गेमिंग के सभी पारखी लोगों को आमंत्रित करता है। यह अनुभव परिवार और बच्चों के लिए उनकी यादों को फिर से रिक्रिएट कर एक लम्बा, विकसित, इंटरैक्टिव और इनोवेटिव सोशल एक्सपीरियंस होने जा रहा है। लगभग एक दशक पहले लॉन्च किया गया, स्मैश बॉलिंग, ड्क्क्र गेमिंग, स्पोर्ट्स, पार्टी और डाइनिंग सभी में एक जोश सा भर देता है। सभी उम्र के लोगों को मनोरंजन प्रदान करने के एजेंडे के साथ ही, स्मैश में सभी के लिए कुछ न कुछ है। स्मैश के मालिक श्रीपाल मोराखिया ने कहा- खेल मनोरंजन और ग्राहकों के लिए अभूतपूर्व नवीन विचारों और नवीन भोजन अवधारणाओं को परिभाषित करते हुए हम नए कॉन्सेप्ट, पावरफुल सिम्युलेटिव टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव डिजाइन के साथ शहर में कभी न देखा गया गेमिंग अनुभव लेकर आए हैं। एडवेंचर लवर्स का भविष्य के वर्चुअल रियलिटी वाले खेलों के साथ अभिनय देखने को मिलता है। यँहा सब अब जुरासिक एस्केप, वॉक द प्लैंक और कई अन्य वर्चुअल रियलिटी जैसे खेलों के साथ संभव है। बेजोड़ वर्चुअल गेमिंग अनुभव प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्ट तकनीक एवं आंतरिक आरएंडडी टीम द्वारा गहन शोध कर किया गया है। स्मैश के मार्केटिंग प्रमुख अवनीश अग्रवाल ने बताया कि, फिंगर कोस्टर की तरह राइड वीआर को देखने के तरीके को बदल देगी। हमारे पास बहुत सारे विचार हैं और हमारी इन-हाउस आरएंडडी टीम उन्हें रियलिटी में बनाने में मदद कर रही है। अपने सभी मनोरंजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए यँहा फर्स्ट हैंड स्टॉप सॉल्यूशन पर गुडगाँव, हो जाइये तैयार कुछ स्मैशिंग मनोरंजन के लिए भारत का सबसे प्रिय गेमिंग पावरहाउस बड़े और बेहतर तरीकों से फिर से लॉन्च के साथ आपके लिए तैयार है।

# बिजली चोरी के मामलों का निपटारा के लिए दिल्ली में शनिवार को लगेगी लोक अदालत

नई दिल्ली (विजय कुमार ठाकुर)। बिजली चोरी के मामलों का निपटारा करने के लिए बीएसईएस (बांबे सबअर्बन इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई) द्वारा दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सहयोग से लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) के उपभोक्ताओं के लिए 11 दिसंबर को और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल)



उपभोक्ताओं के लिए 11 व 12 दिसंबर को लोक अदालत लगेगी। बिजली की आपूर्ति लाइन से सीधे चोरी का मामला हो या फिर मीटर से छेड़छाड़ का, लोक अदालत में दोनों तरह के मामलों का निपटारा किया जाएगा। किसी अदालत या अन्य फोरम में लंबित मामलों की भी सुनवाई होगी। सुबह दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलने वाली लोक अदालत में आनलाइन सुनवाई होगी। बीआरपीएल उपभोक्ता आनलाइन शामिल हो सकते हैं। वहीं, बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को कंपनी के सर्कल आफिस में जाना होगा। वहां से वह आनलाइन लोक अदालत में शामिल हो सकेंगे।

# वरिष्ठ अभिनेता और कवि पीयूष मिश्रा कू एप्प से जुड़े



**नई दिल्ली।** जाने-माने अभिनेता, लेखक, संगीतकार और कवि पीयूष मिश्रा भारत के बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू एप्प से जुड़ गए हैं। श्री मिश्रा अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ने और हिंदी में अपनी कविताओं, गीतों और विचारों को साझा करने के लिए अभिव्यक्ति के इस अनूठे मंच का फायदा उठाएंगे। अपने आधिकारिक हैंडल ***@itspiyushmisra*** से कू करते हुए अभिनेता ने हिंदी में एक दोहा पोस्ट किया, थोड़ा नजारा, चटपट बाते, यही कहानी, आते जाते, थोड़ी हसी है, थोड़े लतीफे थोड़ा तराना, चटपटबातें, बसया रोयहींबाते, कहानियां, तराने और लतीफे अब कू एप्प पर करेंगे। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक श्री मिश्रा ने एक थिएटर अभिनेता के रूप में अपना करियर शुरू किया और 1998 में मणिरत्नम की दिल से फिल्म से बॉलीवुड में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की। उन्होंने द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मकबूल गुलाल जैसी फिल्मों में अभिनय भी किया है। इस देसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीयूष मिश्रा का स्वागत करते हुए ज्ञवक्र के एक प्रवक्ता ने कहा हम अनुभवी अभिनेता, लेखक, कवि और संगीतकार पीयूष मिश्रा को अपने मंच पर पाकर बेहद खुश हैं। यह एक ऐसा मंच है जो भारतीयों को अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति करने में सशक्त बनाता है।


## उत्तर रेलवे

### कोटेशन सूचना

सं.—179-C/SLR-VP/102/I (Quotation) दिनांकः 09 Dec. 2021

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, उत्तर रेलवे, फिरोजपुर द्वारा पंजीकृत रेलवे पट्टाधारकों के लिए (जो फिरोजपुर मंडल में पंजीकृत हो) रेलवे बोर्ड के पत्र संख्याः 2021/TC(FM)/10/11 दिनांक 16.11.2021 के अनुसार, फिरोजपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर/एसएलआरडी स्थान को 90 दिनों की अवधि के लिए अस्थायी रूप से पट्टे पर देने के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित करता है, जो की दिनांक 20/12/2021 को खोला जाना है।

| क्रम संख्या | गाड़ी संख्या | कहाँ से | कहाँ तक | वहन क्षमता (टन में) | कम्पार्टमेंट | गाड़ी चलने के दिन | आरक्षित* मूल्य प्रति 4/3.9–टन प्रति दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15656 | SH MATA V DEVI KATRA | KAMAKHYA | 3.9 | F | WED | 32976 |
| 2 | 14612 | SH MATA V DEVI KATRA | GHAZIPUR CITY | 3.9 | F | THU | 21447 |
| 3 | 12474 | SH MATA V DEVI KATRA | GANDHIDHAM BG | 3.9 | F | THU | 28017 |
| 4 | 12476 | SH MATA V DEVI KATRA | HAPA | 3.9 | F | MON | 28497 |
| 5 | 12478 | SH MATA V DEVI KATRA | JAMNAGAR | 3.9 | F | SUN | 28497 |
| 6 | 14034 | SH MATA V DEVI KATRA | DELHI | 3.9 | F | DAILY | 11084 |
| 7 | 14610 | SH MATA V DEVI KATRA | RISHIKESH | 3.9 | F | DAILY | 11358 |
| 8 | 14504 | SH MATA V DEVI KATRA | KALKA | 4 | F-I | WED, SAT | 8813 |
| 9 | 14504 | SH MATA V DEVI KATRA | KALKA | 4 | R-I | WED, SAT | 8813 |
| 10 | 12446 | SH MATA V DEVI KATRA | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 11084 |
| 11 | 11450 | SH MATA V DEVI KATRA | JABALPUR | 3.9 | F | WED | 23652 |
| 12 | 16788 | SH MATA V DEVI KATRA | TIRUNELVELI | 4 | F-I | THU | 41933 |
| 13 | 16788 | SH MATA V DEVI KATRA | TIRUNELVELI | 4 | R-I | THU | 41933 |
| 14 | 16318 | SH MATA V DEVI KATRA | KANYAKUMARI | 4 | F-I | MON | 43130 |
| 15 | 16318 | SH MATA V DEVI KATRA | KANYAKUMARI | 4 | F-II | MON | 43130 |
| 16 | 16318 | SH MATA V DEVI KATRA | KANYAKUMARI | 4 | R-I | MON | 43130 |
| 17 | 19804 | SH MATA V DEVI KATRA | KOTA JN | 3.9 | F | SUN | 18054 |
| 18 | 22462 | SH MATA V DEVI KATRA | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 11084 |
| 19 | 22432 | UDHAMPUR | PRAYAGRAJ JUNCTION | 3.9 | F | TUE, SAT | 19836 |
| 20 | 22402 | UDHAMPUR | DELHI SARAI ROHILLA | 3.9 | F | TUE, THU, SUN | 10776 |
| 21 | 20986 | UDHAMPUR | KOTA JN | 3.9 | F | THU | 17677 |
| 22 | 20848 | UDHAMPUR | DURG | 3.9 | F | THU | 26805 |
| 23 | 19224 | JAMMU TAWI | AHMEDABAD JN | 4 | F-I | DAILY | 22958 |
| 24 | 19224 | JAMMU TAWI | AHMEDABAD JN | 4 | R-I | DAILY | 22958 |
| 25 | 18310 | JAMMU TAWI | SAMBALPUR | 4 | F-I | TUE, THU, FRI, SUN | 31677 |
| 26 | 18310 | JAMMU TAWI | SAMBALPUR | 4 | R-I | TUE, THU, FRI, SUN | 31677 |
| 27 | 19226 | JAMMU TAWI | JODHPUR JN | 4 | F-I | DAILY | 17742 |
| 28 | 19226 | JAMMU TAWI | JODHPUR JN | 4 | R-I | DAILY | 17742 |
| 29 | 12238 | JAMMU TAWI | VARANASI JN | 4 | F-I | DAILY | 20344 |
| 30 | 12238 | JAMMU TAWI | VARANASI JN | 4 | F-II | DAILY | 20344 |
| 31 | 12238 | JAMMU TAWI | VARANASI JN | 4 | R-I | DAILY | 20344 |
| 32 | 12492 | JAMMU TAWI | BARAUNI JN | 3.9 | F | FRI | 23915 |
| 33 | 12426 | JAMMU TAWI | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 12312 |
| 34 | 14606 | JAMMU TAWI | YOG NAGARI RISHIKESH | 3.9 | F | SUN | 9598 |
| 35 | 14646 | JAMMU TAWI | JAISALMER | 4 | F-I | MON, TUE, THU, SAT | 24024 |
| 36 | 14646 | JAMMU TAWI | JAISALMER | 4 | R-I | MON, TUE, THU, SAT | 24024 |
| 37 | 14662 | JAMMU TAWI | BARMER | 4 | F-I | WED, FRI, SUN | 22958 |
| 38 | 14662 | JAMMU TAWI | BARMER | 4 | F-II | WED, FRI, SUN | 22958 |
| 39 | 14662 | JAMMU TAWI | BARMER | 4 | R-I | WED, FRI, SUN | 22958 |
| 40 | 12332 | JAMMU TAWI | HOWRAH JN | 3.9 | F | MON, THU, SUN | 27879 |
| 41 | 12588 | JAMMU TAWI | GORAKHPUR | 3.9 | F | SAT | 19448 |
| 42 | 15098 | JAMMU TAWI | BHAGALPUR | 3.9 | F | TUE | 25594 |
| 43 | 15652 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | F-I | WED | 32180 |
| 44 | 15652 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | F-II | WED | 32180 |
| 45 | 15652 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | R-I | WED | 32180 |
| 46 | 15654 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | F-I | FRI | 32614 |
| 47 | 15654 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | F-II | FRI | 32614 |
| 48 | 15654 | JAMMU TAWI | GUWAHATI | 4 | R-I | FRI | 32614 |
| 49 | 11078 | JAMMU TAWI | PUNE JN | 4 | F-II | DAILY | 30211 |
| 50 | 14036 | PATHANKOT | DELHI SARAI ROHILLA | 4 | F-I | TUE, THU, SAT | 9071 |
| 51 | 14036 | PATHANKOT | DELHI SARAI ROHILLA | 4 | F-II | TUE, THU, SAT | 9071 |
| 52 | 14036 | PATHANKOT | DELHI SARAI ROHILLA | 4 | R-I | TUE, THU, SAT | 9071 |
| 53 | 19326 | AMRITSAR | INDORE JN. | 3.9 | F | THU, SUN | 20830 |
| 54 | 22126 | AMRITSAR | NAGPUR | 3.9 | F | MON | 23184 |
| 55 | 12014 | AMRITSAR | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 10256 |
| 56 | 12242 | AMRITSAR | CHANDIGARH | 3.9 | F | DAILY | 5622 |
| 57 | 12318 | AMRITSAR | KOLKATA | 3.9 | F | TUE, FRI | 26554 |
| 58 | 12358 | AMRITSAR | KOLKATA | 3.9 | F | MON, THU | 25835 |
| 59 | 12460 | AMRITSAR | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 8205 |
| 60 | 11058 | AMRITSAR | C SHIVAJI MAHARAJ T | 4 | F-I | DAILY | 28735 |
| 61 | 11058 | AMRITSAR | C SHIVAJI MAHARAJ T | 4 | F-II | DAILY | 28735 |
| 62 | 11058 | AMRITSAR | C SHIVAJI MAHARAJ T | 4 | R-I | DAILY | 28735 |
| 63 | 12408 | AMRITSAR | NEW JALPAIGURI | 3.9 | F | FRI | 26074 |
| 64 | 18104 | AMRITSAR | TATANAGAR | 4 | F-I | WED, FRI | 25758 |
| 65 | 18104 | AMRITSAR | TATANAGAR | 4 | F-II | WED, FRI | 25758 |
| 66 | 18104 | AMRITSAR | TATANAGAR | 4 | R-I | WED, FRI | 25758 |
| 67 | 14650 | AMRITSAR | JAYNAGAR | 4 | F-I | MON, WED, SAT | 24258 |
| 68 | 14650 | AMRITSAR | JAYNAGAR | 4 | R-I | MON, WED, SAT | 24258 |
| 69 | 14674 | AMRITSAR | JAYNAGAR | 4 | F-I | TUE, THU, FRI, SUN | 24024 |
| 70 | 14674 | AMRITSAR | JAYNAGAR | 4 | R-I | TUE, THU, FRI, SUN | 24024 |
| 71 | 14505 | AMRITSAR | NANGAL DAM | 4 | F-I | DAILY | 6341 |
| 72 | 14505 | AMRITSAR | NANGAL DAM | 4 | F-II | DAILY | 6341 |
| 73 | 14505 | AMRITSAR | NANGAL DAM | 4 | R-I | DAILY | 6341 |
| 74 | 12498 | AMRITSAR | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 8205 |
| 75 | 12030 | AMRITSAR | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY EX THU | 10256 |
| 76 | 12412 | AMRITSAR | CHANDIGARH | 3.9 | F | DAILY | 5622 |
| 77 | 15532 | AMRITSAR | SAHARSA | 3.9 | F | MON | 23915 |
| 78 | 13006 | AMRITSAR | HOWRAH JN | 3.9 | F | DAILY | 26805 |
| 79 | 15212 | AMRITSAR | DARBHANGA | 4 | F-I | MON, WED, SAT | 23274 |
| 80 | 15212 | AMRITSAR | DARBHANGA | 4 | R-I | MON, WED, SAT | 23274 |
| 81 | 14632 | AMRITSAR | DEHRADUN | 4 | F-I | DAILY | 9200 |
| 82 | 14632 | AMRITSAR | DEHRADUN | 4 | R-I | DAILY | 9200 |
| 83 | 14682 | JALANDHAR CITY | NEW DELHI | 3.9 | F | DAILY | 8079 |
| 84 | 22552 | JALANDHAR CITY | DARBHANGA | 3.9 | F | SUN | 21447 |
| 85 | 14012 | HOSHIARPUR | DELHI | 4 | F-I | DAILY | 8555 |
| 86 | 14012 | HOSHIARPUR | DELHI | 4 | R-I | DAILY | 8555 |
| 87 | 14624 | FIROZPUR CANT | CHINDWARA | 4 | F-I | DAILY | 22642 |
| 88 | 14624 | FIROZPUR CANT | CHINDWARA | 4 | F-II | DAILY | 22642 |
| 89 | 14624 | FIROZPUR CANT | CHINDWARA | 4 | R-I | DAILY | 22642 |
| 90 | 13308 | FIROZPUR CANT | DHANBAD | 3.9 | F | DAILY | 23915 |
| 91 | 22480 | LOHIAN KHAS | NEW DELHI | 3.9 | F | Tue, Wed, Thu, Sat, Sun | 8079 |

*लागू देय कर /प्रभार अतिरिक्त होंगे।

उपरोक्त अरक्षित मूल्य के आलावा @ 2% विकास शुल्क व गुड्स एंड सर्विस टैक्स @ 5% अथवा वर्तमान में जो भी लागू हो, भाड़े के अतिरिक्त देय होगा। सफल निविदा कर्ता को मॉल बुकिंग के समय सभी अतिरिक्त कर भाड़े के साथ जमा कराने होंगे।

**कोटेशन जमा करने की तिथि और समयः 20/12/2021 को 11:00 बजे से 15:00 बजे तक और 15:00 बजे के उपरांत तुरंत खोल दिया जाएगा।**

पूछताछ और कोटेशन फॉर्म प्राप्त करने के लिए, इच्छुक बोलीदाता कृपया सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर / मालभाड़ा, डीआरएम कार्यालय, फिरोजपुर कैंट के कार्यालय से 13/12/2021 से 17/12/2021 तक किसी भी कार्य दिवस पर 9:00 बजे से 17:30 बजे के बीच और 20/12/2021 को 11:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। धरोहर जमा राशी (EMD) और कोटेशन शुल्क दोनों के लिए जमा किया गया ड्राफ्ट "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर रेलवे, फिरोजपुर छावनी" के पक्ष में होना चाहिए जो कि बोलीदाता के स्वयं के बैंक खाते से तैयार किया जाना चाहिए। यदि कोई जानकारी झूठी पाई जाती है, तो रेल प्रशासन किसी भी दंडात्मक कार्रवाई को शुरू करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसमें अनुबंध समाप्ति भी सम्मिलित है या जो भी उचित समझा जाएगा। सभी इच्छुक बोलीदाता बोली दस्तावेजों के सभी नियमों और शर्तों को पढ़ेंगे और उनका पालन करेंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रासंगिक जानकारी/दस्तावेज उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in भी उपलब्ध हैं और वही से डाउनलोड भी किए जा सकते है।


2888/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पीपल के पेड़ दिल्ली को जहरीली हवा से निजात दिलाने में मदद करेंगे

**नई दिल्ली (अ.इ.)।**

दुनिया भर की राजधानी शहरों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता सबसे खराब हो गई है. इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन ने शहर में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए दिल्ली भर में पीपल के पेड़ लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि पीपल के पेड़ लगाने से शहर में हवा की गुणवत्ता पर जादुई प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, हमने अपने संसाधनों से अभियान शुरू किया है और सरकार को इसे बड़े स्तर पर लागू करने का प्रस्ताव भी दिया है। स्वामी अद्वैतानंद, जो महामंडलेश्वर, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा भी हैं, ने बताया कि सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, मैंने माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी से अनुरोध किया है कि इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर उठाएं। स्वामी अवधेशानंद ने भूपेंद्र यादव के



पूर्ववर्ती प्रकाश जावड़ेकर सहित कई अन्य मंत्रियों के साथ भी इस मामले को उठाया है। 2 नवंबर 2020 को प्रकाश जावड़ेकर को भेजे गए एक पत्र में, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और रक्षा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने लिखा- मैं इसके साथ महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी का एक स्व-व्याख्यात्मक पत्र अग्रेषित कर रहा हूं, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं अध्यक्ष, इंटरनेशनल मेडिटेशन फाउंडेशन, दिल्ली के जंगल में घनी आबादी वाले विलायती बबूल (कीकर) में पीपल और बरगद के पेड़ लगाकर दिल्ली को फिर से हरा-भरा बनाने के संबंध में। यदि आप कृपया मामले की जांच कर उचित कार्रवाई कर सकें तो मैं आपका आभारी रहूंगा। पीपल का पेड़ विलायती कीकर से 5-10 गुना बड़ा होता है। इसका मतलब यह 5-10 गुना अधिक ऑक्सीजन प्रदान करेगा। इसके परिणामस्वरूप वायुमंडलीय प्रदूषकों को कम करके क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। पीपल एकमात्र ऐसा पेड़ है जो रात में भी ऑक्सीजन देता है, विलायती कीकर रात के समय सीओ2 देता है। यह पीपल के पेड़ द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑक्सीजन की मात्रा को दोगुना कर देता है क्योंकि अन्य पेड़ दिन में ही ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। विलायती कीकर की तुलना में पीपल एक ही आकार के पेड़ में भी अधिक ऑक्सीजन देता है। क पीपल को धार्मिक कारणों से लकड़ी या किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं काटा जाता है और यह पेड़ को लंबे समय तक बचाता है। यह जंगलों के साथ देखी जाने वाली आम समस्या को हल करता है। ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अनुसार हथियारों, ड्रग्स और मानव तस्करी के बाद यह दुनिया भर में चौथा सबसे बड़ा अवैध व्यापार है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के मौजूदा एनडीएलएस–एफडीबी खंड पर गति को 160 कि.मी. प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में मौजूदा ओएचई व्यवस्था में संशोधन और पुराने ओएचई के प्रतिस्थापन की आवश्यकता | | |
| अनुमानित लागत | ₹8,64,46,732.88 | बयाना राशि | ₹0.00 |
| प्री–बिड मीटिंग की तिथि और समय | 15.12.2021 को 11:30 बजे | | |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 21.12.2021 को 10:30 बजे से 04.01.2022 को 15:00 बजे तक | | |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 04.01.2022 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

निविदा सं.: 13–क.वि. –नई दिल्ली–2021–22 दिनांक: 09.12.2021 2892/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**DIRECTORATE OF FARMS (SEEDS & FARMS)**
**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA**
**KRISHAK NAGAR RAIPUR (C.G.)**
**Telephone No. 0771-2442493(M) 94241-93841**
**Email : *directorframsigkv@gmail.com***

**No./D.F/Stores/2021-22/453** Dated : 08.12.2021

## TENDER NOTICE

**Sealed tenders are invited from the Manufacturers for "Supply, Installation & commissioning of Seed Processing Cum Grading Plants with Essential Accessories" The tender documents with terms and condition can be downloaded from IGKV website *www.igkv.ac.in.* The last date of submission of sealed tenders is up to 10th January, 2022 at 03:00 PM any further modifications/corrigendum related to tender notice if any will be available at IGKV website i.e. *www.igkv.ac.in* which can be seen time to time.**

**Samvad-30733/1** **Director Farms**